
Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : DECEMBER

# Class II

# Sample Notebook



## हिन्दी व्याकरण वृक्ष- पाठ - 11 दिन ,सप्ताह ,माह ,वर्ष



### अभ्यास

Page - 54

**क. सही शब्द चुनकर खाली जगह भरिए–**

1. एक सप्ताह में ………………… दिन होते हैं। (सात/आठ)
2. एक महीने में ………………… दिन होते हैं। (तीस/बत्तीस)
3. एक वर्ष में ………………… दिन होते हैं। (365/310)
4. अप्रैल के महीने में ………………… होती है। (सरदी/गरमी)

**अभ्यास–उत्तर**

क. 1. सात, 2. तीस, 3. 365, 4. गरमी

**ख. वाक्यों के सामने ✓ या ✗ लगाइए–**

Page - 55

1. जनवरी के महीने में 30 दिन होते हैं।
2. सप्ताह का पहला दिन सोमवार होता है।
3. साल में आठ महीने होते हैं।
4. सप्ताह में सात दिन होते हैं।
5. साल का आखिरी महीना जनवरी है।

ख. 1. ✗ 2. ✓ 3. ✗ 4. ✓ 5. ✗

उत्तर

Page - 55

ग. बारह महीनों के नाम लिखिए–

| | | |
|---|---|---|
| जनवरी | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ |
| जुलाई | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | दिसंबर |

उत्तर

| | | | |
|---|---|---|---|
| ग. | जनवरी | फरवरी | मार्च |
| | अप्रैल | मई | जून |
| | जुलाई | अगस्त | सितंबर |
| | अक्तूबर | नवंबर | दिसंबर |

CBE OBSERVATION

घ. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए–

1. आपकी गरमियों की छुट्टियाँ किन महीनों में होती हैं? ..............................
2. सप्ताह के कौन–से दिन विद्यालय की छुट्टी होती है? ..............................
3. 28 दिनों का कौन–सा महीना होता है? ..............................
4. क्रिसमस कौन–से महीने में आता है? ..............................

व्याकरण वृक्ष 2 55

उत्तर

घ. 1. मई–जून 2. रविवार

3. फरवरी 4. दिसंबर

हिन्दी व्याकरण      पाठ - 11 दिन ,सप्ताह ,माह ,वर्ष      IN NOTEBOOK

## दिनों के नाम

एक सप्ताह में सात दिन होते हैं ।

| | |
|---|---|
| 1 | सोमवार |
| 2 | मंगलवार |
| 3 | बुधवार |
| 4 | गुरुवार / बृहस्पतिवार / वीरवार |
| 5 | शुक्रवार |
| 6 | शनिवार |
| 7 | रविवार / इतवार |

## महीनों क नाम

एक साल / वर्ष में बारह महीने और 365 दिन होते हैं ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | जनवरी | 31 दिन |
| 2 | फरवरी | 28 / 29 दिन |
| 3 | मार्च | 31 दिन |
| 4 | अप्रैल | 30 दिन |
| 5 | मई | 31 दिन |
| 6 | जून | 30 दिन |
| 7 | जुलाई | 31 दिन |
| 8 | अगस्त | 31 दिन |
| 9 | सितंबर | 30 दिन |
| 10 | अक्टूबर | 31 दिन |
| 11 | नवंबर | 30 दिन |
| 12 | दिसंबर | 31 दिन |

CBE WRITTEN

प्रश्न : स्वतंत्रता दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर : 15 अगस्त

प्रश्न : बाल दिवस कब मनाया जाता है ?

उत्तर : 14 नवंबर

CBE ( ORAL)

प्रश्न : आपका जन्मदिन किस महीने में आता है ?

## पाठ - 10 दिल्ली की सैर IN NOTEBOOK

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | तैयार | 5. | कुतुबमीनार |
| 2. | याद | 6. | महान |
| 3. | कमल | 7. | दिल्ली |
| 4. | वीरों | 8. | सैर |

### II - शब्द - अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | शीश | सिर |
| 2. | वीर | बहादुर |
| 3. | याद | स्मरण |
| 4. | भाता | अच्छा लगता |

### वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | सैर - मैं सुबह सैर करने जाता हूँ। |
| 2 | दिल्ली - हम कल दिल्ली घूमने गए। |
| 3 | मंदिर - मेरी दादी जी रोज़ मंदिर जाती हैं । |

**IN NOTEBOOK**

1. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**क.** सब कहाँ जाने के लिए तैयार हो रहे हैं?

**उ.** सब कुतुबमीनार जाने के लिए तैयार हो रहे हैं।

**ख.** बच्चे राजघाट जाकर क्या करेंगे?

**उ.** बच्चे राजघाट जाकर गांधी जी को शीश नवाएँगे।

**ग.** लालकिला देखने हम कैसे जाएँगे?

**उ.** हम मेट्रो से लालकिला घूमने जाएँगे।

**घ.** बच्चों को कहाँ रहना बहुत भाता है?

**उ.** बच्चों को दिल्ली में रहना बहुत भाता है।

CBE WRITTEN

आओ जाने -

प्रश्न : भारत की राजधानी

उत्तर : नई दिल्ली

प्रश्न : दिल्ली का प्रसिद्ध किला

उत्तर : लालकिला

## PAGE -1O8

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

ORAL

झटपट हो ...जाओ तैयार...
चलो चलें ...सब कुतुबमीनार।...
...राजघाट हम... जाएँगे
...गांधी जी को शीश... नवाएँगे।
इंडिया ...गेट की देखो शान...
वीरों ...की यह याद महान।...



**3. कविता के अनुसार क्रम 1, 2, 3, 4 से लगाइए—**

**क.** गांधी जी को शीश नवाएँगे। [4]
**ख.** राजघाट हम जाएँगे। [3]
**ग.** चलो चलें सब कुतुबमीनार [2]
**घ.** झटपट हो जाओ तैयार। [1]

**4. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाइए—**

**क.** चलो चलें सब ...कुतुबमीनार...। ✓ कुतुबमीनार
**ख.** कहाँ जाकर हम गांधी जी को शीश नवाएँगे? ✓ राजघाट
**ग.** महान वीरों को हम कहाँ याद करेंगे? ✓ इंडिया गेट पर
**घ.** मेट्रो से हम कहाँ घूमने जाएँगे? ✓ लाल किला

## PAGE -1O9



## व्यावहारिक भाषा
**Functional Language**

**1. इनसे शुरू होने वाले शब्द पाठ में से चुनकर लिखिए—**

ै ......तैयार......  ु ......कुतुबमीनार......  ि ......इंडिया......
े ......गेट......  ू ......घूम......  ी ......गांधी......

PAGE -109

**2. समान अर्थ वाले शब्द लिखिए—**

घूमना, पंकज, शीश, नमन, जल्दी, द्वार

| | | |
|---|---|---|
| कमल — ···पंकज··· | प्रणाम — ···नमन··· | सैर — ···घूमना··· |
| सिर — ···शीश··· | झटपट — ···जल्दी··· | गेट — ···द्वार··· |

**3. इनके लिए एक शब्द चुनकर लिखिए—**

यात्री, घुमक्कड़, पर्यटक

जो यात्रा करता हो — ···यात्री···
जो इधर-उधर घूमता हो — ···घुमक्कड़···
जो पर्यटन करता हो — ···पर्यटक···

**4. कविता में आई इमारतों के नाम लिखिए—**

···कुतुबमीनार, राजघाट, इंडिया गेट, लालकिला···

PAGE- 110 CBE ORAL

2. आप गरमी की छुट्टियों में कहाँ घूमने गए थे? उसके बारे में पाँच वाक्य लिखिए—

उ. इस बार मैंने अपने दादा-दादी के साथ अपनी गरमी की छुट्टियाँ बिताने का फैसला किया।
— वे ऋषिकेश में रहते हैं।
— हमने वहाँ बहुत मज़े किए।
— दूसरे दिन हम रिवर-राफ़्टिंग, पैराग्लाडिंग आदि मज़ेदार गतिविधियाँ करने गए।
— यह हमारी सबसे अच्छी यात्राओं में से एक था।

PAGE- 110 CBE OBSERVATION

**3.** आप किस वाहन का प्रयोग करेंगे या करते हैं?

**उ.** एक राज्य से दूसरे राज्य जाने के लिए — ....ट्रेन....

एक देश से दूसरे देश जाने के लिए — ....हवाई जहाज़....

विद्यालय जाने के लिए — ....बस....

बाज़ार जाने के लिए — ....पैदल....

PAGE- 111 PRACTICE WORK

**4.** दो–दो वाहनों के चित्र चिपकाइए और नाम लिखिए—

**क.** सड़क पर चलने वाले — बस, कार

**ख.** पानी पर चलने वाले — नाव, जहाज़


**ग.** आकाश में उड़ने वाले — हवाई जहाज़, हैलीकॉप्टर

**घ.** पटरी पर चलने वाले — ट्रेन, मेट्रो रेल

**संकेत**— छात्र चित्र स्वयं चिपकाएँ।

PRACTICE WORK PAGE- 112




Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : JANUARY

# Class II

# Sample Notebook




**हिन्दी व्याकरण वृक्ष- पाठ -12 कहानी लेखन IN NOTEBOOK**

चित्र देखकर उसका नाम लिखते हुए कहानी पूरी कीजिए ।

एक  लड़की थी । वह अपनी  माँ के साथ 

एक बगीचे में गई । वहाँ उसने सुंदर - सुंदर  फूलों को देखा।

फूलों पर रंग-बिरंगी  तितलियाँ बैठी थी । उसकी माँ ने उसे समझाया कि हमें 

फूलों को नहीं तोड़ना चाहिए । फूल तोड़ने से मुरझा जाते हैं ।

# Page – 57 ,58

**अभ्यास-उत्तर**


एक बार एक **शेर** अपनी **गुफा** में सो रहा था। तभी एक **चूहा** आकर शेर के ऊपर कूदने लगा, जिससे शेर की **नींद** टूट गई। शेर ने गुस्से से चूहे को **पंजों** में जकड़ लिया। चूहा बहुत **डर** गया। उसने डरते हुए कहा– "शेर राजा! मुझे **माफ़** कर दीजिए। आज मुझे जाने दीजिए। एक दिन मैं आपके **उपकार** का बदला ज़रूर चुकाऊँगा।"

कुछ समय बाद, एक दिन वही शेर एक शिकारी के **जाल** में फँस गया। वह ज़ोर-ज़ोर से **दहाड़ने** लगा। शेर की आवाज़ सुनकर चूहा वहाँ आया। उसने अपने नुकीले **दाँतों** से शेर का जाल **काट** दिया। **शेर** ने चूहे को **धन्यवाद** दिया। उस दिन से शेर समझ गया कि कभी **छोटे-बड़े** का भेद-भाव नहीं करना चाहिए। हमेशा सबकी **मदद** करनी चाहिए।

क्रियात्मक कार्य

पाठ -13 चित्र वर्णन

हमारा राष्ट्रीय ध्वज



1 यह हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है।

2 इसमें तीन रंग होते हैं ।

3 तिरंगे के बीच में नीले रंग का अशोक चक्र भी होता है ।

4 अशोक चक्र में 24 तीलियाँ होती हैं ।

5 हमें अपने राष्ट्रीय ध्वज का सम्मान करना चाहिए ।

# 13. चित्र-वर्णन [Picture Description]

**अभ्यास-उत्तर**

1. यह चित्र एक चिड़ियाघर का है। यहाँ बहुत से जानवर हैं।
2. बच्चे अपने माता-पिता के साथ चिड़ियाघर देखने आए हैं।
3. एक शेर पिंजरे में बंद है। एक हाथी और दो जिराफ़ खड़े हैं।
4. दो बच्चे मगरमच्छ को देख रहे हैं। पिता बच्चे को शेर दिखा रहे हैं।
5. एक बच्चा अपनी माता जी के साथ है और वह दरियाई घोड़ों को देख रहा है।

पाठ –8 समझदार मंत्री (मौखिक)


Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : NOVEMBER

# Class II

# Sample Notebook



## Subject: HINDI

# पाठ - 9 क्रिया

## हिन्दी व्याकरण वृक्ष- PAGE -45 ,46

क. (i) आप एक दिन में क्या-क्या काम करते हैं? लिखिए-

1. मैं सुबह जल्दी ............................ हूँ।
2. मैं उठने के बाद ........................... करता/करती हूँ।
3. उसके बाद कपड़े ........................... हूँ।
4. फिर एक गिलास दूध ....................... हूँ।
5. दूध पीने के बाद मैं पाठशाला ............................ हूँ।
6. पाठशाला में पुस्तक ....................... हूँ।
7. अपनी कॉपी में ............................................. हूँ।
8. पढ़ाई के बाद मैदान में ................................ हूँ।
9. पाठशाला से अपने घर वापस ..................... हूँ।

अभ्यास-उत्तर

क. (i) 1. उठता, 2. स्नान, 3. पहनता, 4. पीता, 5. जाता, 6. पढ़ता
7. लिखता, 8. खेलता, 9. आता

2. नीचे दिए गए वाक्यों में आए क्रिया शब्दों को रेखांकित कीजिए।

हम खेलते हैं।

वे दौड़ते हैं।

अध्यापक पढ़ाते हैं।

2. खेलते हैं। / दौड़ते हैं। / पढ़ाते हैं। उत्तर

## हिन्दी व्याकरण वृक्ष - **PAGE - 46**

ख. नीचे दिए चित्र में क्या-क्या क्रियाएँ हो रही हैं? लिखिए-

CBE OBSERVATION



| | | | |
|---|---|---|---|
| ख. | खेलना | दौड़ना | उड़ना |
| | खाना | भागना | हँसना |

उत्तर

## पाठ - ९ क्रिया IN NOTEBOOK

I - उचित क्रिया शब्द चुनकर वाक्य पूरे कीजिए ।

1 सुमन तैर रही है । ( तैर / खिल )

2 बादल गरज रहे हैं । ( लटक / गरज )

3 खरगोश तेज़ दौड़ता है । ( दौड़ता / पढ़ता )

II - दिए गए शब्दों को सही क्रम में लिखकर वाक्य बनाइए ।

1 खेल / रही / है / रीना

उत्तर - रीना खेल रही है ।

2 गाना / गा / रहा / है / रजत

उत्तर - रजत गाना गा रहा है ।

CBE BASED (WRITTEN )

( क ) आप कक्षा में कौन - कौन सी क्रियाएँ करते हैं ?

उत्तर - पढ़ना ,लिखना ,खेलना ।

( ख ) अपनी पसंद की कोई दो क्रियाएँ लिखिए ।

उत्तर - नाचना ,गाना ,कूदना ।

CBE ORAL

विदयालय जाने से पहले आप कौन - कौन सी क्रियाएँ करते हैं ?

## गिनती (१ - २०) IN NOTEBOOK

| अंक | हिंदी संख्या | शब्द |
|---|---|---|
| 1 | १ | एक |
| 2 | २ | दो |
| 3 | ३ | तीन |
| 4 | ४ | चार |
| 5 | ५ | पाँच |
| 6 | ६ | छह / छः |
| 7 | ७ | सात |
| 8 | ८ | आठ |
| 9 | ९ | नौ |
| 10 | १ ० | दस |
| 11 | १ १ | ग्यारह |
| 12 | १ २ | बारह |
| 13 | १ ३ | तेरह |
| 14 | १ ४ | चौदह |
| 15 | १ ५ | पंद्रह |
| 16 | १ ६ | सोलह |
| 17 | १ ७ | सत्रह |
| 18 | १ ८ | अठारह / अटठारह |
| 19 | १ ९ | उन्नीस |
| 20 | २ ० | बीस |

प्रश्न-उत्तर CBE ( WRITTEN )

क ) आपकी कक्षा में कितने पंखे लगे हैं ?

उत्तर: पाँच

ख ) आपके हाथों में कितनी उंगलियाँ हैं ?

उत्तर: दस

CBE (OBSERVATION)

ग ) आपके घर में कुल कितने लोग रहते हैं?

उत्तर: चार

CBE (ORAL )

क ) आपकी स्कूल बस में कितने विदयार्थी हैं?

**क. उचित वाक्यों के सामने ✓ लगाइए–**

1. पंद्रह से पहले तेरह आता है।
2. 'आठ' को अंकों में '8' लिखा जाता है।
3. '11' को शब्दों में 'ग्यारह' लिखा जाता है।
4. सत्रह के बाद अठारह आता है।


**अभ्यास–उत्तर**

क. 1. ✗ 2. ✓ 3. ✓ 4. ✓

**ख. उचित मिलान कीजिए–**

| | |
|---|---|
| ग्यारह | 5 |
| पाँच | 19 |
| सत्रह | 11 |
| उन्नीस | 17 |

ख.



PAGE – 50 ,51

ग. हिंदी अंकों/शब्दों में गिनतियाँ लिखकर खाली स्थान भरिए–

1. मेरे घर में 7 .......................... लोग रहते हैं। (शब्दों में)
2. पेड़ पर चार ...................... चिड़ियाँ बैठी हैं। (अंकों में)
3. पार्क में 12 .................... बच्चे खेल रहे हैं। (शब्दों में)
4. मधु के पास नौ .......................... पेंसिलें हैं। (अंकों में)

**उत्तर**

ग. 1. सात, 2. 4, 3. बारह, 4. 9

घ. चित्रों को देखकर उनके नीचे सही संख्या लिखिए–



(शब्दों में) ..........................



(अंकों में) ..........................



(अंकों में) ..........................



(शब्दों में) ..........................

PAGE –51



(शब्दों में) ...............................

**उत्तर**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| घ. | (शब्द) | **बारह** | (अंक) | **5** |
| | (अंक) | **1** | (शब्द) | **अठारह** |
| | (शब्द) | **आठ** | | |

# पाठ - ९ आ गया बसंत IN NOTEBOOK

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | तितली | 5. | मीठी |
| 2. | सुहावनी | 6. | बसंत |
| 3. | छलाँग | 7. | पक्षी |
| 4. | खुशी | 8. | कोट |

## II - शब्द अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | हवा | वायु |
| 2. | सूरज | सूर्य |
| 3. | डाली | टहनी |
| 4. | आवाज़ | ध्वनि |
| 5. | शीतल | ठंडा |

## III -वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | सूरज - सूरज निकल आया । |
| 2 | ठंड -आज बहुत ठंड है । |
| 3 | आम - मुझे आम बहुत पसंद है । |
| 4 | घर - हमें अपना घर साफ़ रखना चाहिए। |

**प्रश्नों के उत्तर लिखिए—** IN NOTEBOOK

क. मीकू किसका नाम था?

उ. मीकू एक खरगोश का नाम था।

ख. तितली ने मीकू से क्या कहा?

उ. तितली ने मीकू से कहा कि तुम अब तक सो रहे हो? देखो, बसंत आ गया है।

ग. तितली कहाँ जा रही थी?

उ. तितली फूलों का रस लेने जा रही थी।

प्रश्न-उत्तर

CBE ( WRITTEN )

क ) सूरज अपनी सुनहली किरणें कहाँ बिखेर रहा था ?

उत्तर: सूरज अपनी सुनहली किरणें धरती पर बिखेर रहा था ।

ख ) वसंत ऋतु कब शुरु होती है ?

उत्तर: वसंत ऋतु फरवरी या मार्च महीने में शुरु होती है ।

CBE BASED OBSERVATION

ग ) वसंत ऋतु में कौन - कौन से त्योहार मनाये जाते हैं ?

उत्तर: वसंत ऋतु में होली और वसंत पंचमी जैसे त्योहार मनाये जाते हैं ।

CBE BASED ORAL

❀ वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा क्यों कहा जाता है?

उ. वसंत ऋतु को ऋतुओं का राजा इसलिए कहा जाता है क्योंकि वसंत आने पर चारों ओर हरियाली छा जाती है। बाग-बगीचे फल-फूलों से भर जाते हैं। चारों ओर आनंद का माहौल होता है।

## TEXT BOOK PAGE - 100

2. किसने किससे कहा—

| | | किसने | किससे |
|---|---|---|---|
| क. | अब तक सो रहे हो? | तितली ने | मीकू से |
| ख. | अरे! ठंड कहाँ गई? पेड़ों की डालियों पर नए पत्ते आ गए हैं। | मीकू ने | स्वयं से |
| ग. | मैं फूलों का रस लेने जा रही हूँ। | तितली ने | मीकू से |
| घ. | यह सफ़ेद कोट पहने कहाँ घूम रहे हो? उतारो इसे। | कोयल ने | मीकू से |

3. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाइए—

क. मीकू क्या कर रहा था? ✓ अँगड़ाई ले रहा था।

ख. पेड़ों की डालियों पर क्या आ गए थे? ✓ नए पत्ते

ग. कौन उड़ती जा रही थी? ✓ तितली

4. रिक्त स्थान भरिए—

क. कोयल कुहू-कुहू गा रही थी। (कुहू-कुहू / चीं-चीं)

ख. रंग-बिरंगे फूल खिले थे। (रंग-बिरंगे / पीले)

ग. तितली फूलों का रस लेने जा रही थी। (रस / खाना)

घ. मीकू ने सफ़ेद कोट पहना था। (सफ़ेद / काला)

## TEXT BOOK PAGE - 101

1. इन वर्णों की मदद से तीन अक्षरों के शब्द बनाइए—

नहर
लहर
रपट
बहल




लपट
बटन
पहन
बहन

# TEXT BOOK PAGE - 101

2. जोड़कर लिखिए—

म् + औ + स् + अ + म् + अ — ''''मौसम''''
स् + ऊ + र् + अ + ज् + अ — ''''सूरज''''
त् + इ + त् + अ + ल् + ई — ''''तितली''''
क् + ओ + य् + अ + ल् + अ — ''''कोयल''''

3. शब्दों का उचित मिलान कीजिए—

| | |
|---|---|
| रंग–बिरंगे | इंद्रधनुष |
| सफ़ेद | पेड़ |
| सतरंगी | कोट |
| हरा | फूल |

# TEXT BOOK PAGE - 102

4. इस तितली का नाम 'ल' है। वह जहाँ भी बैठेगी, नया शब्द बनाएगी। खाली जगह में इसका नाम भरिए और शब्द बनाइए—


''''फूल, कलश, लहर, कोयल, कमल, बेल, कलम''''

5. काम वाले शब्दों से वाक्य बनाइए— ORAL


उड़ना — ''''तितली उड़ती हुई जा रही थी।''''
खाना — ''''हमें अच्छा भोजन खाना चाहिए।''''
सोना — ''''हमें समय से सोना चाहिए।''''

# TEXT BOOK PAGE – 103 PRACTICE WORK

अलग पर ✓ लगाइए—



# TEXT BOOK PAGE - 103 PRACTICE WORK




2. चित्र पहचानिए और उसके सामने जानवरों की बोलियाँ लिखिए—

Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : SEPTEMBER&OCTOBER

# Class II

# Sample Notebook



हिन्दी व्याकरण वृक्ष-

**पाठ - 8 विशेषण**

**PAGE - 42**



## अभ्यास

क. (i) दिए गए वाक्यों के खाली स्थान विशेषण शब्दों से भरिए–

सुंदर ताज़ा दानी लंबा

1. यह रास्ता बहुत .......................... है।
2. फूल ................................. होते हैं।
3. ..................... भोजन अच्छा होता है।
4. शिवि एक ........................ राजा थे।

**अभ्यास-उत्तर**

क. (i) 1. लंबा, 2. सुंदर, 3. ताज़ा, 4. दानी

उत्तर

**PAGE - 43**

ख. वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित कीजिए और लिखिए–

1. मीठा आम अच्छा लगता है। .......मीठा.......
2. काला घोड़ा दौड़ता है। ..........................
3. सुंदर फूल खिले हैं। ..........................
4. मुझे नीली गेंद चाहिए। ..........................

ख. 1. मीठा, 2. काला, 3. सुंदर, 4. नीली

उत्तर

## हिन्दी व्याकरण वृक्ष- PAGE - 43

**ग. अपने आसपास देखिए और लिखिए–**

1. आसमान कैसा है? ...............................
2. घास का रंग कैसा है? ...............................
3. आपके कमरे की दीवारों का रंग कैसा है? ...............................
4. पत्तों का रंग कैसा है? ...............................
5. आपके घर में कितने कमरे हैं? ...............................

1. नीला 2. हरा 3. सफ़ेद 4. हरा 5. चार

उत्तर

## PAGE - 43

**घ. चित्र की दो सही विशेषताओं पर ✓ लगाइए–**



सुंदर ☐ बदबूदार ☐ सुगंधित ☐



हरा ☐ सूखा ☐ ऊँचा ☐



खट्टा ☐ मीठा ☐ कड़वा ☐

घ. सुंदर ✓ सुगंधित ✓ हरा ✓ ऊँचा ✓
खट्टा ✓ मीठा ✓

उत्तर

**IN NOTEBOOK** पाठ - 8 विशेषण

I उचित विशेषण शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए ।

| | | |
|---|---|---|
| बड़ा | चालाक | मीठा |

1 अमित का घर बड़ा है ।

2 रसगुल्ला बहुत मीठा है ।

3 लोमड़ी बहुत चालाक है ।

II संज्ञा व विशेषण शब्द अलग - अलग कीजिए ।

| शब्द | संज्ञा | विशेषण |
|---|---|---|
| लाल गुलाब | गुलाब | लाल |
| हरे पेड़ | पेड़ | हरे |
| गरम दूध | दूध | गरम |

**CBE ( WRITTEN )**

I -दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर दीजिए ।

(क) अपने विद्यालय की कोई दो विशेषताएं बताइए ।


उत्तर- हवादार ,सुंदर ,बड़ा ,स्वच्छ ।

(ख) अपनी माता जी के कोई दो गुण बताइए ।

उत्तर- दयालु ,सुंदर ,समझदार ,प्यारी ।

## CBE ( OBSERVATION )

**II-** दिए गए चित्र के बारे में कोई दो विशेषण शब्द लिखिए ।

 - गरम ,चमकीला

CBE - ORAL

**III –**

(क) आपको कैसे कपड़े पहनना अच्छा लगता है?

(ख) सुबह के समय सूरज का रंग कैसा दिखाई देता है?

(ग) आपको क्या खाना अच्छा लगता है? उसका स्वाद कैसा है?

**IN NOTEBOOK**

**क्रियात्मक कार्य**

## मेरा प्रिय त्योहार - दीपावली



1 दीपावली दीपों का त्योहार है ।

2 यह कार्तिक मास की अमावस्या को मनाया जाता है ।

3 इस दिन भगवान श्रीराम ,सीता और लक्ष्मण अयोध्या वापिस लौटे थे ।

4 इस दिन हम नए कपड़े पहनते हैं व पटाखे जलाते हैं ।

5 इस दिन हम लक्ष्मी जी की पूजा करते हैं।

6 दीपावली मेरा प्रिय त्योहार है ।

हिन्दी पाठमाला    पाठ -6 रानी मधुमक्खी की चतुराई    **(In Notebook)**

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मधुमक्खी | 4. | शहद |
| 2. | भालू | 5. | मदद |
| 3. | शिकायत | 6. | सबक |

## II - शब्द - अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | शहद | मधु |
| 2. | पेड़ | वृक्ष |
| 3. | तरकीब | उपाय |
| 4. | प्रजा | जनता |
| 5. | हमला | आक्रमण |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1. | शहद - रमन को शहद बहुत पसंद है । |
| 2. | भालू - भालू नाच रहा है । |
| 3. | मित्र - मदन मेरा प्रिय मित्र है । |

IV - प्रश्न-उत्तर IN NOTEBOOK

1. **प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**क.** रानी मधुमक्खी की प्रजा को क्या दुख था?

**उ.** भालूराम हमेशा मधुमक्खियों द्वारा बनाया गया शहद खा जाता था। इस कारण रानी मधुमक्खी की प्रजा दुखी थी।

**ख.** रानी मधुमक्खी ने अपनी प्रजा को क्या योजना बताई?

**उ.** रानी मधुमक्खी ने भालू को सबक सिखाने की योजना अपनी प्रजा को बताई।

**ग.** भालू ने बंदर से मदद क्यों माँगी?

**उ.** भालू की मदद करने पर ही मधुमक्खियों से बंदर को बुरी तरह से काटा था इसलिए भालू ने बंदर से माँफ़ी माँगी।

TEXTBOOK PAGE - 69

| 2. **किसने किससे कहा—** | **किसने** | **किससे** |
|---|---|---|
| **क.** खूब बड़ा छत्ता बनाओ, खूब शहद बटोरो। | "रानी मधुमक्खी ने" | "प्रजा से" |
| **ख.** ये तीनों मेरे शहद के छत्ते तोड़ना चाह रहे थे। | "रानी मधुमक्खी ने" | "शेर से" |
| **ग.** चलो रानी मधुमक्खी से माफ़ी माँगो। | "शेर ने" | "भालू और बंदर से" |
| **घ.** मैं यह शहद आप सभी को पिलाना चाहती हूँ। | "रानी मधुमक्खी ने" | "शेर से" |

TEXTBOOK PAGE - 69

**3. रिक्त स्थान भरिए—**

| | | |
|---|---|---|
| क. | एक ''रानी'' मधुमक्खी थी। | (रानी/राजा) |
| ख. | मधुमक्खियाँ मेहनत करके ''शहद'' इकट्ठा करती थीं। | (शहद/दूध) |
| ग. | भालूराम ''चोरी'' से पेड़ पर चढ़ जाता था। | (चोरी/सामने) |
| घ. | रानी मधुमक्खी प्रजा के दुख से बहुत ''दुखी'' थी। | (दुखी/सुखी) |

TEXTBOOK PAGE - 69

**4. कहानी के अनुसार क्रम 1, 2, 3, 4 से लगाइए—**

| | | |
|---|---|---|
| क. | मधुमक्खियों ने शहद का बड़ा छत्ता बनाया। | 2 |
| ख. | प्रजा सुबह से शाम तक मेहनत करके शहद बटोरती थी। | 1 |
| ग. | चलो, रानी मधुमक्खी से माफ़ी माँगो। | 4 |
| घ. | महाराज, ये दोनों मेरे शहद के छत्ते तोड़ना चाह रहे थे। | 3 |

TEXTBOOK PAGE - 70

**1. पाठ में से दिए गए संयुक्त वर्ण वाले शब्द चुनकर लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| क्ख — ''मधुमक्खी'' | त्र — ''मित्र'' | श्क — ''मुश्किल'' |
| त्त — ''छत्ता'' | स्त — ''दोस्त'' | श्न — ''प्रश्न'' |

**2. वचन बदलिए—**


| | | |
|---|---|---|
| रानी — ''रानियाँ'' | छत्ते — ''छत्ता'' | पंक्ति — ''पंक्तियाँ'' |
| मधुमक्खी — ''मधुमक्खियाँ'' | योजनाएँ — ''योजना'' | मटका — ''मटके'' |

3. दिए गए पशु-पक्षियों के घरों के नाम लिखिए—

TEXT BOOK PAGE - 70




छत्ता




बिल




गुफा



अस्तबल



गौशाला



घोंसला

**4. स्त्रीलिंग शब्द लिखिए—**

TEXT BOOK PAGE - 71

मोरनी, रानी, माता, शेरनी, बँदरिया, बहन, हथिनी, चिड़िया

पिता — माता
चिड़ा — चिड़िया
शेर — शेरनी
बंदर — बंदरिया
भाई — बहन
मोर — मोरनी
राजा — रानी
हाथी — हथिनी

**5. दिए गए शब्दों से वाक्य बनाइए—**

ORAL

खाना — मेरी माँ बहुत स्वादिष्ट खाना बनाती हैं।
पढ़ना — हमें रोज पढ़ना चाहिए।
खेलना — रामन को क्रिकेट खेलना अच्छा लगता है।
लेना — दादा जी मुझे यह खिलौना लेना है।
देना — हमें सभी को सम्मान देना चाहिए।

**CBE** ( OBSERVATION )


1. वर्ग-पहेली में से जानवरों के नाम ढूँढ़कर लिखिए—

TEXT BOOK PAGE - 72


| | | | |
|---|---|---|---|
| ची | हि | बं | ख |
| ता | र | द | र |
| शे | न | र | गो |
| र | भा | लू | श |


बंदर
शेर
खरगोश
भालू
चीता
हिरन

**PRACTICE WORK** TEXT BOOK PAGE - 72




TEXT BOOK PAGE - 73



**CBE** ( WRITTEN ) **IN NOTEBOOK**

(क) भालू ने किससे मदद माँगी ?

उत्तर - भालू ने अपने मित्र बंदर से मदद माँगी ।

(ख ) मधुमक्खी क्या बनाती है ?

उत्तर - मधुमक्खी शहद बनाती है ।

**CBE** ( OBSERVATION )

1. वर्ग-पहेली में से जानवरों के नाम ढूँढ़कर लिखिए— TEXT BOOK PAGE - 72

| | | | |
|---|---|---|---|
| ची | हि | बं | ख |
| ता | र | द | र |
| शे | न | र | गो |
| र | भा | लू | श |

बंदर　　भालू

शेर　　चीता

खरगोश　　हिरन

**CBE** ( ORAL )

❀ क्या बंदर ने भालू की मदद करके सही काम किया?

उ. नहीं! बंदर ने भालू की मदद करके सही काम नहीं किया क्योंकि भालू ने बंदर की मदद से मधुमक्खियों द्वारा इकट्ठे किए शहद को बिना उनकी इच्छा के खाना चाहा। हमें किसी को परेशान करने में अपने मित्र की मदद नहीं करनी चाहिए।

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | मुन्ना | 4. | कक्षा |
| 2. | गुल्लक | 5. | किताबें |
| 3. | पैसे | 6. | दुखी |

## II - शब्द - अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | सही | उचित |
| 2. | मन | इच्छा |
| 3. | किताब | पुस्तक |
| 4. | अम्मा | माँ |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1. | किताब - मैंने कल एक किताब खरीदी । |
| 2. | दुखी - राजन बहुत दुखी है । |
| 3. | कक्षा - मैं दूसरी कक्षा में पढ़ता हूँ। |

IV - प्रश्न-उत्तर IN NOTEBOOK

**क.** मुन्ना के गुल्लक में कितने पैसे हैं और वे कहाँ से आए?
**उ.** मुन्ना की गुल्लक में कुछ पैसे हैं जिन्हें उसने जोड़कर रखा है।

**ख.** मुन्ना किससे और कौन-सी बातें कह रहा है?
**उ.** मुन्ना अम्मा से चाट-पकौड़ी खाने और खिलौने खरीदने की बातें कह रहा है।
**ग.** मुन्ना ने पहले गुल्लक के जमा पैसों से क्या करना चाहा?
**उ.** मुन्ना ने पहले जमा पैसों से खिलौने खरीदना और चाट-पकौड़ी खानी चाहिए।

TEXT BOOK PAGE- 81

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

लेकिन ''''फिर यह मन में आया''''
''''अम्मा अपना'''' रामलुभाया,
लगता है ''''वह बड़ा दुखी है''''
''''कल कक्षा में'''' खाली आया।

**3. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाइए—**

क. मुन्ना ने पैसे कहाँ रखे थे? ☑ गुल्लक में
ख. पैसों से मुन्ना ने किसके लिए किताबें खरीदनी चाहीं? ☑ रामलुभाया के लिए
ग. रामलुभाया के पास क्या नहीं था? ☑ किताब

TEXT BOOK PAGE- 81

**4. रिक्त स्थान भरिए—**

**क.** मुन्ना के गुल्लक में ''कुछ'' पैसे हैं। (कुछ / ज्यादा)
**ख.** इन पैसों से पहले वह ''खिलौने'' खरीदना चाहता था। (खिलौने / जूते)
**ग.** मुन्ना ने फिर इन पैसों से ''चाट-पकौड़ी'' खानी चाही। (चाट-पकौड़ी / मिठाई)
**घ.** आखिर में मुन्ना ने पैसों से रामलुभाया के लिए ''किताबें'' खरीदने की सोची। (किताबें / मिठाइयाँ)

TEXT BOOK PAGE- 82



# व्यावहारिक भाषा
## Functional Language

**1. समान तुक वाले शब्द लिखिए—**

लाऊँ — ......खाऊँ...... | नीला — ......पीला...... | अगर — ......मगर......
जैसे — ......तैसे...... | आया — ......रामलुभाया...... | आस — ......पास......

**2. जोड़कर शब्द लिखिए—**

मु + न्ना = ......मुन्ना...... | प + त्ता = ......पत्ता......
अ + म्मा = ......अम्मा...... | गु + ल्ल + क = ......गुल्लक......

**3. एक से अनेक बनाइए—**

पैसा — ......पैसे...... | खिलौना — ......खिलौने...... | बस्ता — ......बस्ते......
किताब — ......किताबें...... | जूता — ......जूते...... | बच्चा — ......बच्चे......

**4. चित्र देखकर शब्द-पहेली पूरी कीजिए—**

TEXT BOOK PAGE- 83




CBE ORAL


1. आपके पास कुछ पैसे हों तो आप क्या करेंगे?

उ. यदि मेरे पास पैसे होंगे तो मैं ज़रूरतमंदों की सहायता करूँगा। अपने लिए पढ़ने के लिए कुछ किताबें खरीदूँगा और बाकी के पैसे अपनी माँ को सँभालकर रखने के लिए दूँगा।


TEXT BOOK PAGE- 84 PRACTICE WORK




TEXT BOOK PAGE- 84 PRACTICE WORK



## TEXT BOOK PAGE- 85 PRACTICE WORK




**CBE** ( WRITTEN ) IN NOTEBOOK

(क) रामलुभाया कौन था?

उत्तर - रामलुभाया मुन्ना का सहपाठी था ।

(ख ) कौन कक्षा में खाली आया था ?

उत्तर - रामलुभाया कक्षा में खाली आया था ।

**CBE** ( OBSERVATION )

(क) इस कविता से आपको क्या सीख मिलती है?

उत्तर - इस कविता से हमें यह सीख मिलती है कि हमें हमेशा मुसीबत में पड़े लोगों की मदद करनी चाहिए ।

**CBE** (ORAL)

1. आपके पास कुछ पैसे हों तो आप क्या करेंगे?

उ. यदि मेरे पास पैसे होंगे तो मैं जरूरतमंदों की सहायता करूँगा। अपने लिए पढ़ने के लिए कुछ किताबें खरीदूँगा और बाकी के पैसे अपनी माँ को सँभालकर रखने के लिए दूँगा।

# Delhi Public School Gandhinagar

## Academic session (2024-25)

## Month : AUGUST

# Class II

# Sample Notebook



# Subject: HINDI

हिन्दी व्याकरण वृक्ष- पाठ - 6 वचन




**IN NOTEBOOK**

I - नीचे दिए गए शब्दों के वचन बदलकर लिखिए।

| एकवचन | बहुवचन |
|---|---|
| माला | मालाएँ |
| कक्षा | कक्षाएं |
| पौधा | पौधे |
| लड़की | लड़कियाँ |
| लड़का | लड़के |

**CBE**( WRITTEN )


आओ जानें -

क ) वचन कितने प्रकार के होते हैं ?

उत्तर : दो

ख ) आपके जन्मदिन पर प्रयोग होने वाली किसी भी बहुवचन चीज़ का चित्र बनाइए ।

उत्तर :



गुब्बारे

**CBE** ( OBSERVATION )

ग ) आसमान में चमकता सूरज ।

उत्तर : एकवचन

घ ) आसमान में चमकते तारे ।

उत्तर : बहुवचन

CBE BASED ( ORAL )

ङ ) आपकी कक्षा के बच्चों की संख्या एकवचन है या बहुवचन ,सोचकर बताइए ।

# पाठ - 6 वचन ( GRAMMAR BOOK Page - 35,36)

## 6. वचन [Number]

**अभ्यास-उत्तर**

क. (i) 1. किताबें, 2. पतंगें 3. गायें 4. पुस्तकें

ORAL

(ii) 1. शब्द के जिस रूप से उसके एक या अनेक होने का बोध होता है, उसे वचन कहते हैं।

2. वचन के दो भेद होते हैं– 1. एकवचन 2. बहुवचन।

ख. 1. लड़के, 2. पंखा, 3. कपड़ा 4. चिड़ियाँ

WRITTEN

ग. 1. मैं रसगुल्ले खाऊँगा। 2. नदी बह रही है।

PAGE -36

3. घोड़े दौड़ रहे हैं। 4. बच्चे पढ़ रहे हैं।

PAGE -36

| | |
|---|---|
| घ. पेंसिलें | पंखे |
| तितलियाँ | केले |
| पुस्तकें | बच्चे |
| मछलियाँ | चूहे |

हिन्दी पाठमाला    कविता -4 काली कोयल    **(In Notebook)**

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | कोयल | 4. | सूरत |
| 2. | आदत | 5. | काली |
| 3. | मीठी | 6. | धुन |

## II - शब्द - अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | बोली | आवाज़ |
| 2. | मुखड़ा | चेहरा |
| 3. | प्यार | प्रेम |
| 4. | खुशी | प्रसन्न |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1. | गाना - सीता ने एक गाना गाया । |
| 2. | पेड़ - पेड़ हरा - भरा है । |
| 3. | सुंदर - मेरी माँ बहुत सुंदर है । |
| 4. | मीठी - मैंने कल मीठी जलेबी खाई । |

IV - प्रश्न-उत्तर IN NOTEBOOK

**प्रश्नों के उत्तर लिखिए—**

**क.** कोयल कैसे रंग की है ?

**उ.** कोयल काले रंग की है।

**ख.** कोयल को किस चीज़ की चाह नहीं है ?

**उ.** कोयल को बदले में कुछ पाने की चाह नहीं है।

**ग.** कोयल कैसे सुर में गाती है ?

**उ.** कोयल मीठे सुर में गाती है।


**CBE** ( WRITTEN )

(क) कोयल को सब क्यों पसंद करते हैं ?

उत्तर - कोयल को मीठी आवाज़ के कारण सब पसंद करते ह ।

(ख) पानी में तैरने वाले किसी एक पक्षी का चित्र बनाइए।

उत्तर -



बतख

**CBE** ( OBSERVATION )

कौन - कौन से पशु - पक्षी काले रंग के होते हैं ?

उत्तर - कोयल , कौआ , भैंस

**CBE** ( ORAL )

## सोचिए और बताइए

❀ सभी पक्षियों के अपने-अपने गुण हैं, फिर कोयल को इतना महत्व क्यों दिया जाता है?

उ. सभी पक्षियों के अपने-अपने गुण होते हैं परंतु कोयल की मधुर आवाज़ के लिए उसे पसंद किया जाता है। उसकी मीठी बोली सुनकर सबका मन प्रसन्न हो जाता है। मीठे बोल बोलकर हम किसी को भी अपना मित्र बना सकते हैं और प्रेम-सम्मान पा सकते हैं।

TEXT BOOK **PAGE- 43**

**2. कविता की पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

**PAGE- 43**

कोयल ····कितनी काली होती····
····कब किसने···· पूछा है।
उसकी ····तो बस बोली सुनकर····
····सारा जग···· झूमा है।



**PAGE- 43**

**3. कविता के आधार पर पंक्तियों का क्रम लिखिए—**

**क.** चाह नहीं है उसकी बिलकुल, बदले में कुछ पाना [4]
**ख.** उसकी तो बस बोली सुनकर, सारा जग झूमा है। [2]
**ग.** अपनी धुन में गाती रहती, मुखड़ा नहीं दिखाती। [3]
**घ.** उसकी तो यह आदत है बस, मीठे सुर में गाना। [5]
**ङ.** कोयल कितनी काली होती कब किसने पूछा है! [1]

PAGE- 43

4. **रिक्त स्थान भरिए—**

क. कोयल कितनी ……काली…… है। (काली / सफ़ेद)

ख. यहाँ-वहाँ ……पत्तों…… में छिपकर रहती है। (पत्तों / फलों)

ग. कोयल अपनी धुन में ……गाती…… रहती है। (गाती / नाचती)

घ. कोयल अपना ……मुखड़ा…… नहीं दिखाती है। (मुखड़ा / चेहरा)

**PAGE- 44**

1. **बहुवचन लिखिए—**

| | | |
|---|---|---|
| बोली — ……बोलियाँ…… | लकड़ी — ……लकड़ियाँ…… | पतंग — ……पतंगे…… |
| पत्ता — ……पत्ते…… | झोपड़ी — ……झोंपड़ियाँ…… | खुशी — ……खुशियाँ…… |
| मुखड़ा — ……मुखड़े…… | पेड़ — ……पेड़…… | |

2. **सही विशेषण से वाक्य पूरे कीजिए—**

क. कोयल ……काली…… होती है। (काली / सफ़ेद)

ख. पेड़ ……रसीले…… फलों से भरे हैं। (रसीले / कड़वे)

ग. कोयल की बोली ……मीठी…… होती है। (मीठी / कर्कश)

घ. कोयल अपना ……मधुर…… राग सुनाती है। (मधुर / कठोर)

PAGE- 45

3. सही विशेषण-विशेष्य चुनकर जोड़े बनाइए—

| विशेषण | | विशेष्य |
|---|---|---|
| काली | — | कोयल |
| सुंदर | — | मुखड़ा |
| हरा | — | पेड़ |
| मीठी | — | बोली |
| ठंडी | — | छाया |
| ऊँचा | — | पर्वत |

काली, बोली
सुंदर, पर्वत
हरा, छाया
मीठी, पेड़
ठंडी, मुखड़ा
ऊँचा, कोयल

PAGE- 45

4. नीचे दिए गए वाक्यों को ध्यान से पढ़िए और सही समय लिखिए—

बीता हुआ कल, आज का समय, आने वाला कल

क. कोयल गा रही थी। — बीता हुआ कल
ख. कोयल गा रही है। — आज का समय
ग. कोयल गाएगी। — आने वाला कल

IN NOTEBOOK

5. इन शब्दों से वाक्य बनाइए—

मीठी — हमें मीठी वाणी बोलनी चाहिए।
सुंदर — प्रकृति सुंदर रंग बिखेर रही है।
पेड़ — पेड़ पर तोता बैठा है।
गाना — कोयल मीठा गाना गाती

PAGE - 46

6. समझिए और संज्ञा के स्थान पर आए शब्दों पर गोला लगाइए—

क. कोयल मीठा गाती है। — (वह) मीठा गाती है।

ख. कोयल की बोली सुनकर मन झूम उठता है। — (उसकी) बोली सुनकर मन झूम उठता है।

ग. लोग मुड़कर देखते हैं। — (वे) मुड़कर देखते हैं।

घ. बच्चे आवाज़ की नकल करते हैं। — (वे) आवाज़ की नकल करते हैं।

ORAL Page-46

7. समझिए और विशेषण शब्दों से भाववाचक संज्ञा बनाइए—


| विशेषण | भाववाचक संज्ञा | विशेषण | भाववाचक संज्ञा |
|---|---|---|---|
| सफल | सफलता | प्रसन्न | प्रसन्नता |
| सुंदर | सुंदरता | मधुर | मधुरता |

3. नीचे दिए गए स्थान पर कौए और कोयल का चित्र बनाइए या चिपकाइए। दोनों की दो-दो समानताएँ लिखिए—

PAGE – 47 PRACTICE WORK


उ. समानताएँ— कोयल और कौए दोनों का रंग काला होता है।

दोनों ही पक्षी होते हैं और पेड़ पर रहते हैं।





4. पक्षी आकाश में उड़ते हैं, परंतु कुछ पक्षी ऐसे भी हैं जो उड़ नहीं सकते। उन पक्षियों पर गोला लगाइए जो उड़ नहीं सकते हैं?



Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : JULY

# Class II

# Sample Notebook









## 5. लिंग [Gender]

**अभ्यास-उत्तर**

क. (i) नानी — चुहिया

लेखिका — बंदर

रानी — कुतिया

शेरनी — मोर

ORAL (ii) 1. जिन शब्दों से स्त्री या पुरुष होने का बोध हो, उन्हें लिंग कहते हैं।

2. लिंग दो प्रकार के होते हैं– पुल्लिग और स्त्रीलिंग।

## (Page - 32)

ख. दिए गए वाक्यों में आए रंगीन शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य दोबारा लिखिए–

1. नाना जी सैर पर जा रहे हैं।

 ..............................................................................

2. चूहा बैठा है।

 ..............................................................................

3. बंदरिया केला खा रही है।

 ..............................................................................

4. माँ बाज़ार गई हैं।

 ..............................................................................

5. लड़का पढ़ रहा है।

 ..............................................................................

उत्तर

ख. 1. नानी जी सैर पर जा रही हैं।

2. चुहिया बैठी है।

3. बंदर केला खा रहा है।

4. पिता जी बाज़ार गए हैं।

5. लड़की पढ़ रही है।

## (Page - 32)

ग. दिए गए नामों में से पुल्लिग व स्त्रीलिंग शब्दों को छाँटकर अलग-अलग लिखिए–

बैल, शेर, घोड़ी, चुहिया, शेरनी, गाय, लेखक, घोड़ा, चूहा, लेखिका, मोरनी, मोर

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |
| ...................... | ...................... |

उत्तर

ग.

| पुल्लिग | स्त्रीलिंग | पुल्लिग | स्त्रीलिंग |
|---|---|---|---|
| बैल | गाय | शेर | शेरनी |
| लेखक | लेखिका | घोड़ा | घोड़ी |
| चूहा | चुहिया | मोर | मोरनी |

व्याकरण पाठ - 5 लिंग

NOTEBOOK

I - नीचे दिए गए शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए।

| पुल्लिंग | स्त्रीलिंग |
|---|---|
| पिता | माता |
| भाई | बहन |
| धोबी | धोबिन |
| बूढ़ा | बुढ़िया |
| चूहा | चुहिया |

CBE BASED ( WRITTEN )

**आप इन्हें क्या कहते हैं ?**

क ) आपकी माता के माता-पिता

उत्तर : नाना ,नानी

ख ) आपके पिता की बहन

उत्तर : बुआ

CBE BASED ( OBSERVATION )

ग ) आपकी माता जी पुल्लिंग है या स्त्रीलिंग ,सोचकर बताइए ?

उत्तर : स्त्रीलिंग

CBE BASED ( ORAL )

घ ) आपकी कक्षा में कितने बच्चे पुल्लिंग और कितने बच्चे स्त्रीलिंग हैं गिनकर बताइए ?

हिन्दी पाठमाला

पाठ- 3 मैं बड़ा हो रहा हूं

**(In Notebook)**

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पौधे | 4. | मुश्किल |
| 2. | बारिश | 5. | तौलिये |
| 3. | स्वेटर | 6. | रिम -झिम |

## II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | महीना | माह |
| 2. | जल्दी | शीघ्र |
| 3. | अचानक | एकाएक |
| 4. | खिड़की | झरोखा |
| 5. | खुश | प्रसन्न |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1. | पानी - हमें साफ पानी पीना चाहिए। |
| 2. | माँ - मेरी माँ बहुत सुंदर है । |
| 3. | बारिश - आज बहुत ज़ोर से बारिश हुई । |

## IV - प्रश्न - उत्तर (In Notebook)

क. माँ रामधन से क्या कह रही थी?

उ. माँ रामधन से कह रही थी कि अच्छी बारिश होने की वजह से पौधे जल्दी बड़े हो जाएँगे।

ख. वरुण किसकी तरह बड़ा होना चाहता था?

उ. वरुण अपने पिताजी और भैया की तरह बड़ा होना चाहता था।

ग. माँ ने वरुण को क्या समझाया?

उ. माँ ने वरुण को समझाया कि यदि तुम जल्दी बड़ा होना चाहते हो तो अच्छा भोजन खाओ।

CBE ( WRITTEN )

(क) माली का क्या नाम था?

उत्तर - रामधन

(ख) बारिश में कौन भीग रहा था ?

उत्तर - वरुण

CBE OBSERVATION

TEXT BOOK PAGE -36

1. बारिश में आपको कैसा लगता है, लिखिए–

उ. मुझे बारिश में बहुत आनंद आता है। बारिश के कारण चारों ओर हरियाली छा जाती है।

CBE ORAL

वर्षा से पेड़-पौधे क्यों बढ़ते हैं?

उ. वर्षा के पानी में उचित मात्रा में खनिज-लवण मौजूद होते हैं जो पेड़-पौधों की वृद्धि में सहायक होते हैं।

TEXT BOOK PAGE -34

2. कहानी के अनुसार वाक्य को क्रम 1, 2, 3, 4 से लगाइए—

| | | |
|---|---|---|
| क. | फलों का रस खूब पिओ। | 4 |
| ख. | वरुण का हाथ पकड़कर अंदर ले आई। | 3 |
| ग. | माँ बगीचे में माली से कह रही थी। | 1 |
| घ. | अब मैं जल्दी ही बड़ा हो जाऊँगा। | 2 |

3. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाइए—

| | | |
|---|---|---|
| क. | पाठ में किस महीने की बात की गई है? | ✓ जुलाई |
| ख. | पानी कैसे बरस रहा था? | ✓ रिमझिम-रिमझिम |
| ग. | रामधन कौन था? | ✓ माली |
| घ. | चुपके से बाहर कौन गया? | ✓ वरुण |

4. रिक्त स्थान भरिए—

| | | |
|---|---|---|
| क. | वरुण जल्दी से "बड़ा" हो जाना चाहता था। | (बड़ा / छोटा) |
| ख. | वरुण चुपके से "बाहर" निकल गया था। | (बाहर / अंदर) |
| ग. | वर्षा से पेड़-पौधे "जल्दी" बड़े हो जाएँगे। | (देर से / जल्दी) |
| घ. | माँ ऊनी कपड़ों को "धूप" में डाल रही थी | (धूप / बारिश) |

TEXT BOOK PAGE -35



# व्यावहारिक भाषा
## Functional Language

1. दिए गए शब्दों को सही मात्रा के स्थान पर लिखिए—

खुश, खूब, धूप, कुछ, तुम, कूदा, मुझे, सूरज

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| उ ( ु ) — | खुश | तुम | कुछ | मुझे |
| ऊ ( ू ) — | खूब | धूप | कूदा | सूरज |

2. 'में' या 'मैं' लिखकर वाक्य पूरे कीजिए—

क. माँ बगीचे में माली से कह रही थी।
ख. अब मैं जल्दी ही बड़ा हो जाऊँगा।
ग. माँ कपड़ों को धूप में डाल रही थी।
घ. माँ, देखो मैं बड़ा हो रहा हूँ।

3. शब्दों में आए संयुक्त वर्ण चुनकर लिखिए—

| | | |
|---|---|---|
| अच्छी — च्छ | उत्तर — त्त | स्वेटर — स्व |
| जल्दी — ल्द | सब्जी — ब्ज | मुश्किल — श्क |

TEXT BOOK PAGE -36

4. समान अर्थ वाले शब्द लिखिए—

वस्त्र, पुष्प, बाग, जल, बारिश, शीघ्र

| | | |
|---|---|---|
| बगीचा — बाग | वर्षा — बारिश | जल्दी — शीघ्र |
| पानी — जल | फूल — पुष्प | कपड़ा — वस्त्र |

TEXT BOOK PAGE -36

5. 'ड़' और 'ढ़' के शब्द चुनकर सामने लिखिए—

चढ़ना, बड़ा, कपड़ा, बढ़ना, पकड़ा, पढ़ाई

| | | | |
|---|---|---|---|
| ड़ | कपड़ा | बड़ा | पकड़ा |
| ढ़ | चढ़ना | बढ़ना | पढ़ाई |

TEXT BOOK PAGE -37

Practice Work

2. बरसात के इस सुंदर दृश्य में रंग भरिए— (Art Integration)




TEXT BOOK PAGE -38

5. सरदी के मौसम में क्या-क्या चाहिए? सही ✓ लगाइए।



## क्रियात्मक कार्य (In Notebook)

### मेरा प्रिय फल



क ) मेरा प्रिय फल आम है ।

ख ) आम फलों का राजा है ।

ग ) इसका रंग हरा और पीला होता है ।

घ ) यह स्वाद में मीठा और खट्टा होता है ।

ङ ) यह हमारा राष्ट्रीय फल है ।

Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : JUNE


# Class II

# Sample Notebook



हिन्दी व्याकरण पाठ - 4 संज्ञा ( NOTEBOOK WORK )

I - नीचे दिए गए चित्रों को देखकर उचित संज्ञा शब्द लिख कर वाक्यों को पूरा कीजिए।

(क)  सूरज निकल आया ।

(ख)  मछली तैर रही है ।

(ग)  पेड़ हरा - भरा है।

**CBE ( WRITTEN )**

II – संज्ञा के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(क) दो मनपसंद फूलों के नाम

उत्तर - कमल , गुलाब

(ख ) दो मनपसंद फलों के नाम

उत्तर - केला , आम

## CBE ( OBSERVATION )

**III –** अपनी कक्षा में दिखने वाले तीन संज्ञा शब्द ढूंढकर लिखिए।

उत्तर - पंखा ,खिड़की , दीवार ।

## CBE (ORAL )

**IV–** अ से शुरू होने वाले दो शहरों के नाम ( संज्ञा ) बताइए ।

उत्तर - अहमदाबाद ,आगरा ।



## अभ्यास

क. (i) टोकरी में दिए गए संज्ञा-शब्दों ( नामों ) को पहचानकर सही कॉलम में लिखिए–




| व्यक्तियों के नाम | वस्तुओं के नाम | भावों के नाम |
|---|---|---|
| ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ |
| ........................ | ........................ | ........................ |

**अभ्यास-उत्तर**

क. (i)

| व्यक्तियों के नाम | वस्तुओं के नाम | भावों के नाम |
|---|---|---|
| शीला | थैला | सुंदरता |
| रमेश | कलम | बचपन |
| मनीष | पुस्तक | मिठास |

ख. किन्हीं चार वस्तुओं, स्थानों और प्राणियों के नाम लिखिए–

| वस्तु | स्थान | प्राणी |
|---|---|---|
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |
| .................... | .................... | .................... |

उत्तर

ख.

| वस्तु | स्थान | प्राणी |
|---|---|---|
| खिलौना | दिल्ली | कुत्ता |
| बस्ता | आगरा | चिड़िया |
| फ़ोन | मुम्बई | हाथी |
| सेब | पटना | बिल्ली |

ग. खाली स्थानों में सही संज्ञा-शब्द ढूँढ़कर भरिए–

1. अंशिता ने आज नीली .................... पहनी है। (फ्रॉक/आसमान)
2. तालाब में दो .................... के फूल खिले हैं। (गुलाब/कमल)
3. मेरी .................... मेज पर रखी है। (बटुआ/पुस्तक)
4. बच्चे .................... में खेल रहे हैं। (पार्क/पहाड़)

उत्तर

ग. 1. फ्रॉक, 2. कमल, 3. पुस्तक, 4. पार्क

घ. चित्र को देखिए और इसमें जो दिखाई दे रहे हैं, उनका नाम लिखिए–



उत्तर

| | | |
|---|---|---|
| घ. | अध्यापिका | चॉक |
| | बच्चे | डस्टर |
| | पुस्तक | श्यामपट्ट |
| | डेस्क | खिड़की |
| | ग्लोब | महात्मा गांधी |
| | रैक | आसमान |

हिन्दी व्याकरण　　पाठ - 7 सर्वनाम　　**IN NOTEBOOK**

I - नीचे दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित कीजिए ।

1. वह कल दिल्ली गया ।

2. यह मेरा घर है ।

3. तुम अभी तक क्यों सो रहे हो ?

**CBE**( WRITTEN )

**II –** सर्वनाम के आधार पर उत्तर दीजिए ।

(क) अपनों से बड़ों के लिए प्रयोग होने वाला सर्वनाम शब्द

उत्तर - आप

(ख ) नामों की जगह आने वाले शब्द को क्या कहते हैं ?

उत्तर - सर्वनाम

**CBE** ( OBSERVATION )

III - दिए गए चित्र के बारे में उचित सर्वनाम शब्द लिखिए ।



यह

**CBE** ( ORAL )

III – आप अपने सहपाठी के लिए कौन -सा सर्वनाम शब्द प्रयोग करेंगे ?

उत्तर- तुम

# पाठ - 7 सर्वनाम (Page - 39)



**अभ्यास**

क. (i) दिए गए शब्दों में से सही सर्वनाम शब्द चुनकर खाली जगह भरिए–

1. ................................ खाना बना रही हूँ। (हमारे/मैं)
2. ................................ यहाँ से जाइए। (आप/तू)
3. तुम ................................ काम करो। (तेरा/अपना)
4. जो जैसा करेगा, ................................ वैसा भरेगा। (वह/सो)
5. ................................ जा रहा है। (वह/हमारे)

**अभ्यास–उत्तर**

क. (i) 1. मैं, 2. आप, 3. अपना, 4. सो, 5. वह

ख. दिए गए वाक्यों में से सर्वनाम शब्द छाँटकर लिखिए–

1. वह यहाँ आया। ................................
2. पुलकित को उसकी किताब दो। ................................
3. तुम अपना काम करो। ................................
4. आप कहाँ जा रहे हैं? ................................
5. तुम क्या करते हो? ................................

**उत्तर**

ख. 1. वह, 2. उसकी, 3. तुम, अपना, 4. आप, 5. तुम

## (Page - 40 )

ग. दिए गए सर्वनाम शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए–

1. वह ..................................
2. मैं ..................................
3. यह ..................................
4. मेरा ..................................

उत्तर

ग. **बहुवचन** 1. वे, 2. हम, 3. ये, 4. हमारा

घ. उचित सर्वनाम शब्दों का प्रयोग करके चित्रों से संबंधित वाक्य पूरे कीजिए–



1. उदय को चॉकलेट बहुत पसंद है। ...................... माता जी ने ................ चॉकलेट दिलाई।

2. कमल पंकज के साथ क्रिकेट खेल रहा है। ...................... अच्छा क्रिकेट खेलता है।





3. सीमा विद्यालय जा रही है।
...................... पढ़ना अच्छा लगता है।

उत्तर

घ. 1. उसकी, उसे, 2. वह, 3. उसे

हिन्दी पाठमाला    पाठ- 2    सुरकन्या    **(In Notebook)**

## I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | जंगल | 4. | सर्दी |
| 2. | चिड़िया | 5. | वर्षा |
| 3. | सुरीली | 6. | नन्हे |

## II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | जंगल | वन |
| 2. | नन्हे | छोटे |
| 3. | क्रोध | गुस्सा |
| 4. | प्यार | स्नेह |

## III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1. | जंगल - शेर जंगल का राजा है । |
| 2. | सुरीली - कोयल की आवाज़ सुरीली होती है । |
| 3. | शीतल - शीतल हवा चल रही है । |
| 4. | आवाज़ - मैंने अभी एक आवाज़ सुनी। |

**(In Notebook)**

IV - प्रश्न - उत्तर

1. प्रश्नों के उत्तर लिखिए—

क. सुरकन्या अपने बच्चों की देखभाल कैसे करती थी?

उ. सुरकन्या अच्छा खाना लाकर अपने बच्चों को खिलाती थी तथा वर्षा होने पर अपने पंखों से उन्हें ढककर उनकी रक्षा करती थी।

ख. जंगल में जब राजा ने सुरकन्या का गाना सुना तब क्या किया?

उ. सुरकन्या का मधुर संगीत सुनते ही राजा ने अपने सेवकों से उसे पकड़कर लाने की आज्ञा दी।

ग. चिड़िया क्यों उदास थी?

उ. चिड़िया को पकड़कर उसके बच्चों से दूर पिंजरे में डाल दिया गया था, इसलिए चिड़िया उदास थी।

TEXT BOOK PAGE-24

2. सही कथन पर ✓ और गलत कथन पर ✗ लगाइए—

क. सुरकन्या अपने बच्चों को मीठा बोलना सिखाती। ✓

ख. सुरकन्या महल में आकर बहुत खुश थी। ✗

ग. सुरकन्या के दो नन्हे, प्यारे बच्चे थे। ✓

घ. राजा ने सुरकन्या को मरवा दिया। ✗

TEXT BOOK PAGE-24

3. रिक्त स्थान भरिए—

क. सुरकन्या अपने बच्चों को "मीठा" बोलना सिखाती थी। (मीठा / कड़वा)

ख. सुरकन्या वर्षा और सरदी में अपने बच्चों को "पंखों" से ढककर रखती थी। (पंखों / पत्तों)

ग. राजमहल में सुरकन्या "उदास" रहती थी। (उदास / खुश)

घ. राजा को चिड़िया पर बहुत "क्रोध" आया। (क्रोध / प्रसन्न)

CBE WRITTEN

TEXT BOOK PAGE-24 , 25

4. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाइए—

क. सुरकन्या के कितने बच्चे थे? ✓ दो

ख. राजा ने सेवकों को क्या पकड़कर लाने की आज्ञा दी? ✓ सुरकन्या को

ग. सुरकन्या को कैसे पिंजरे में डाला गया? ✓ सोने के

घ. सुरकन्या को वापस कहाँ छोड़ दिया गया? ✓ जंगल में

CBE OBSERVATION

IN NOTE BOOK

प्रश्न - गाँव में लोग सुबह किस पक्षी की आवाज़ सुनकर जल्दी उठते हैं ?


उत्तर - मुर्गा

TEXT BOOK PAGE-25

1. उलटे अर्थ वाले शब्दों के जोड़े बनाइए—

| | | | |
|---|---|---|---|
| सरदी | जगना | दूर | अंदर |
| सोना | बुरा | बाहर | कम |
| अच्छा | गरमी | बहुत | पास |

2. शब्द बनाइए—




TEXT BOOK PAGE-26

3. समान लय वाले शब्द लिखिए—

| | | |
|---|---|---|
| बच्चा – "सच्चा" | पट्टी – "खट्टी" | सज्जा – "लज्जा" |
| पत्ता – "गत्ता" | पक्का – "मक्का" | डब्बा – "गुब्बारा" |

TEXT BOOK PAGE-26

IN NOTE BOOK

4. **वाक्य बनाइए—**

जंगल – "सुरकन्या जंगल में रहती थी।"

सुरीली – "कोयल की आवाज़ बड़ी सुरीली होती है।"

शीतल – "शीतल हवा चल रही है।"

आवाज – "मैंने अभी एक आवाज़ सुनी।"

CBE ORAL




## योग्यता आधारित गतिविधियाँ
## Competency Based Activities

1. इंटरनेट से पता करके बताइए कि ये कहाँ के राजा थे—

| | |
|---|---|
| महाराजा रणजीत सिंह – "पंजाब" | शेरशाह सूरी – "बिहार" |
| वीर शिवाजी महाराज – "मराठा" | राजा कृष्णदेव राय – "विजयनगर" |

**TEXT BOOK PAGE-27**

**PRACTICE WORK**







उत्तर

3. हमारा राष्ट्रीय पक्षी — मोर

संदेश पहुँचाने वाली चिड़िया — कबूतर

गाने वाली चिड़िया — कोयल

**संकेत—** छात्र चित्र स्वयं चिपकाएँ।

**PRACTICE WORK**

Delhi Public School Gandhinagar

Academic session (2024-25)

Month : APRIL / MAY

# Class II

# Sample Notebook



## Subject: HINDI




# 1. भाषा [Language]


**अभ्यास-उत्तर**

क. (i) सुनना ......बोलना......... पढ़ना ......लिखना.....

(ii) 1. भाषा के दो रूपों के नाम– मौखिक और लिखित। 2. मौखिक

ख. विद्यार्थी स्वयं करें।

ग.



## 2. वर्ण और वर्णमाला [Letter and Alphabet]

हिन्दी व्याकरण वृक्ष- पाठ -3 मात्राएँ ,शब्द और वाक्य **PAGE -22**

## 3. मात्राएँ , शब्द तथा वाक्य [Symbols of Vowels, Words and Sentence]

## 3. मात्राएँ , शब्द तथा वाक्य

[Symbols of Vowels, Words and Sentence]

**अभ्यास-उत्तर**

क. (i) 1. द. ✓ 2. अ. ✓

(ii) 1. शब्दों के मेल से वाक्य बनते हैं। जैसे– राम घर जाता है।

2. वर्णों के मेल से शब्द बनते हैं। जैसे– क + म + ल = कमल।

ख. कील भाला केला

थाली माला नदी

**PAGE -23**

ग. टोपी हिरन अंगूर गमला

घ. 1. बंदर केला खा रहा है। 2. मोर नाच रहा है।





3. चिड़िया डाल पर बैठी है। 4. पतंग उड़ रही है।






5. मछली तैरती है।



IN HINDI NOTEBOOK

1. चित्र देखकर दिए गए वर्ण से शब्द लिखिए -

| अ | | आ | |
|---|---|---|---|
|  | नल |  | नाक |
|  | कमल |  | तबला |
| इ | | ई | |
|  | किताब |  | घड़ी |
|  | सितार |  | नदी |
| उ | | ऊ | |
|  | गुलाब |  | भालू |
|  | गुड़िया |  | सूरज |

| ऋ मात्रा | |
|---|---|
|  वृक्ष |  गृह |
| ए | ऐ |
|  सेब<br> शेर |  पैर<br> मैना |
| ओ | औ |
|  बोतल<br> मोर |  पौधा<br> लौकी |
| अं | अँ |
|  घंटा<br> बंदर |  चांद<br> पांच |

# हिन्दी पाठमाला

## कविता - 1 सोने जैसे दिन है इसके (In Notebook)

### I - नए शब्द

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | पक्षी | 4. | मेहनत |
| 2. | हिमालय | 5. | बरसात |
| 3. | बगीचा | 6. | दिन |

### II - शब्द -अर्थ

| | शब्द | अर्थ |
|---|---|---|
| 1. | उपवन | बगीचा |
| 2. | दिन | दिवस |
| 3. | मेहनत | परिश्रम |
| 4. | रात | निशा |

### III - वाक्य रचना

| | |
|---|---|
| 1 | फूल - रमन को फूल बहुत पसंद है । |
| 2 | पक्षी - पक्षी पेड़ पर बैठे हैं । |
| 3 | उपवन - उपवन में रंग बिरंगे फूल खिले हैं । |

## IV - प्रश्न -उत्तर

क. कौन भारत देश का पग धोया करता है?

उ. नील-सिंधु भारत देश का पग धोता है।

ख. रंग-बिरंगे पक्षी क्या करते हैं?

उ. रंग-बिरंगे पक्षी आकर खुशियों के गीत गाते हैं।

## CBE ( Written )

बताओ मैं कौन ?

(क) भारत की राष्ट्रीय नदी

उत्तर- गंगा

(ख) भारत का राष्ट्रीय पक्षी

उत्तर- मोर

## CBE (ORAL)

ग. 'एक बगीचा देश हमारा फूल अनेकों खिले यहाँ' का क्या अर्थ है?

उ. इस पंक्ति में 'बगीचा' का अर्थ भारत देश से है और 'फूल' भारत में रहने वाले विभिन्न धर्मों और जातियों को कहा गया है।

## CBE (OBSERVATION )


(ग) भारत का मुकुट किसे कहा जाता है ?

उत्तर- हिमालय पर्वत को

# (TEXT BOOK PAGE -13 )

**2. कविता याद करके पंक्तियाँ पूरी कीजिए—**

"'उजला मुकुट हिमालय इसका'"
उजली-सी नदियों की माला है,
"'बार-बार पग धोया करता'"
नील सिंधु मतवाला है।
"'अनुपम सुंदरता ने दी है'"
सारे जग को मात रे!



**3. सही उत्तर चुनकर ✓ लगाइए—**

**क.** भारत के दिन किसके समान हैं? ✓ सोने के

**ख.** हिमालय भारत का क्या है? ✓ मुकुट

**ग.** भारत किसकी माला पहने हुए है? ✓ नदियों की


**घ.** हमारा देश किसके समान है? ✓ बगीचे के

**4. पंक्तियों को क्रम में लगाइए—**


| | | | |
|---|---|---|---|
| खाते मेहनत का खाना | 4 | नीले नभ से होती है नित | 5 |
| अमृत की बरसात रे! | 6 | नहीं किसी का हृदय दुखाते | 3 |
| रंग-बिरंगे पक्षी आकर | 1 | गाते खुशियों का गाना, | 2 |

# (TEXT BOOK PAGE -15)

3. रंग भरिए और समझकर लिखिए—



"वृक्ष"
"पेड़"



"नमन"
"नमस्कार"



"पैर"
"पाँव"

4. दिए गए शब्दों को जोड़कर वाक्य बनाइए—

| | | |
|---|---|---|
| नदियाँ भारत | का | माला है। |
| सभी प्रेम | की | समान है। |
| देश बगीचे | के | मुकुट है। |
| हिमालय भारत | से | रहते हैं। |

"नदियाँ भारत की माला है।"

"देश बगीचे के समान है।"

"सभी प्रेम से रहते हैं।"


"हिमालय भारत का मुकुट है।"

# (TEXT BOOK PAGE -16) PRACTICE WORK

## योग्यता आधारित गतिविधियाँ
### Competency Based Activities

1. भारत की पाँच प्रमुख नदियों के नाम बताइए। (Knowledge of Indi

2. रंग भरिए। (Art Integratio



16

# (TEXT BOOK PAGE -17) PRACTICE WORK

**3.** अपने मनपसंद फूलों के चित्र चिपकाकर उनके नाम लिखिए— CG 11.1

(Art Integration)

............................ ............................ ............................

............................ ............................ ............................

**4.** youtube.saregama music पर नीचे दिए गए गीत को सुनिए और स्वतंत्रता-दिवस के अवसर पर इस गीत का समूह गायन कीजिए—

(Art Integration / Collaboration)

CG 9.1, 9.7

जहाँ डाल-डाल पर
सोने की चिड़ियाँ करती हैं बसेरा
वो भारत देश है मेरा!



CG 9.1

**चटर-पटर... ज़रा पाँच बार बोलो तो**

- हिम हिमालय से हिमनद हमारा
हमारा हिमनद हिम हिमालय से



17

# (TEXT BOOK PAGE -18) ORAL




## ऐतिहासिक स्थल

नीचे कुछ ऐतिहासिक स्थल दिए गए हैं, इन्हें पहचानकर नाम लिखिए।

सूर्य मंदिर, जलियाँवाला बाग, चार मीनार, गेटवे ऑफ़ इंडिया, विवेकानंद शैल स्मारक, ताजमहल, लालकिला, मैसूर महल, विक्टोरिया मेमोरियल



"ताजमहल"



"गेटवे ऑफ़ इंडिया"



"विक्टोरिया मेमोरियल"



"सूर्य मंदिर"



"विवेकानंद शैल स्मारक"



"जलियाँवाला बाग"



"मैसूर महल"



"चार मीनार"



"लालकिला"

# क्रियात्मक कार्य

## मेरा परिचय



क ) मेरा नाम रमन/ रीया है ।

ख ) मैं एक लड़का /लड़की हूं ।

ग ) मैं छः/सात वर्ष का / की हूं ।

घ ) मैं कक्षा दो में पढ़ता /पढ़ती हूं ।

लड़का लड़की